# भाजपा सांसद रमेश बिंद से मांगी 10 लाख की रंगदारी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भदोही, यूपी से भाजपा सांसद डॉ रमेश चंद बिंद से 10 लाख की रंगदारी मांगने और किडनैपिंग की धमकी देने के आरोपी को नई दिल्ली जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी का नाम भदोही निवासी मिथिलेश बताया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने डिमांड पूरी नहीं होने पर सांसद व उनके बेटे को अगवा करने की धमकी दी थी। इस मामले में हुई शिकायत पर सात अगस्त को नॉर्थ एवेन्यू थाने में केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से आरोपी के बारे में जानकारी जुटायी और उसकी लोकेशन ट्रेस होने के बाद पकड़ लिया। इससे पहले शिकायत मिलते ही सांसद के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सांसद बिंद पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति के सदस्य भी हैं। उनके पास आई पहली कॉल करीब एक मिनट 16 सेकेंड की थी, जिसमें फोन करने वाले ने उन्हें अपहरण की धमकी दी थी। साथ ही अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया था। इसके बाद सांसद ने फोन काट दिया। धमकी देने वाले ने दोबारा फोन किया, लेकिन सांसद ने फोन नहीं उठाया। कुछ समय बाद फिर से उनके मोबाइल पर फोन आया और करीब तीन मिनट तक बात हुई। इसमें फोन करने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि पैसे नहीं दिए तो उन्हें और उनके बेटे को अगवा कर हत्या कर देंगे। इसके बाद सांसद ने पुलिस को शिकायत दी थी।



## सिख 1984 दंगेः टाइटलर ने अदालत से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश होने की अनुमति मांगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश में हुई हत्याओं से संबंधित मामले में दिल्ली की एक कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से पेश होने की बृहस्पतिवार को अनुमति मांगी। उनके वकील मनु शर्मा ने कहा कि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद द्वारा शुक्रवार को टाइटलर के अनुरोध पर आदेश पारित किया जा सकता है। वकील ने सुरक्षा चिंताओं को लेकर राहत की मांग करते हुए कोर्ट के समक्ष याचिका दायर की। उन्होंने पांच अगस्त को टाइटलर की पेशी के दौरान सिख समुदाय के विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश होने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने पांच अगस्त को मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री टाइटलर द्वारा प्रस्तुत जमानत बांड स्वीकार कर लिया था। इस मामले में अब अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी। मामले में एक सत्र अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही जमानत राशि पर टाइटलर को राहत दे दी थी।

## खबर संक्षेप

### डीएमआरसी ने किया आईआईआईटी दिल्ली के साथ करार



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईआईटी-डी) से हाथ मिलाया है। गुरुवार को हुए इस समझौते के मौके पर दोनों ने अपने अपने सेंटर फॉर सस्टेनेबल मोबिलिटी (सीएसएम) के माध्यम से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ.विकास कुमार, निदेशक परिचालन एवं सेवाएं डॉ. अमित कुमार जैन, आईआईआईटी - दिल्ली के डीन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह और मुख्य सीएसएम आईआईआईटी - दिल्ली डॉ. प्रवेश बियानी सहित अन्य मौजूद थे। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ ही डायनामिक विज्ञापन डिस्प्ले का शुभारंभ किया गया।

### कई मांगों को लेकर एबीवीपी ने जेएनयू में किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भाषा, साहित्य, एवं संस्कृति अध्ययन केंद्र (एसएलएल एंड सीएस) में शैक्षिक प्रणाली के भीतर असमानताओं के खिलाफ जेएनयू की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदर्शन किया। सबसे गंभीर चिंताओं में छोटे सेमेस्टर, स्पष्ट रूप से परिभाषित पाठ्यक्रम की कमी और रचनात्मक मूल्यांकन के संबंध में विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन शामिल हैं। इन चुनौतियों के कारण चिंताजनक रूप से 100 से अधिक छात्रों को 4 सीजीपीए से नीचे ग्रेड प्राप्त हुए हैं। इन छात्रों में से कई भाषाई, सामाजिक और क्षेत्रीय रूप से कमजोर समुदायों से आते हैं, जिससे उनके शैक्षणिक करियर और भविष्य की संभावनाओं पर खतरा बढ़ गया है। एसएल डीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में एसएलएलएंडसीएस के 150 से अधिक छात्र मौजूद थे।

## राजौरी गार्डन में मॉल के बाहर युवक को घोंपा था चाकू

# युवक के मर्डर में नाबालिग समेत तीन और दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में एक मॉल के बाहर 22 वर्षीय युवक की पिटाई और चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन और आरोपियों को पकड़ा है। इसके पहले बुधवार को सोहिल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला था कि वारदात में चार युवक शामिल थे।


डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार वारदात में शामिल एक आरोपित सोहिल को पुलिस ने बुधवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके अलावा हेमंत और मनोज को गुरुवार को पकड़ा गया। वारदात में शामिल एक नाबालिग भी पकड़ा गया है। बता दें कि मृतक मोहम्मद कैफ पर मंगलवार को हमला हुआ था। वह सोफा बनाने का काम करता था। कुछ दिनों से राजौरी गार्डन के मॉल में वह काम कर रहा था। एक क्लब के सोफे इन्होंने बनाए थे। मंगलवार को वह काम की पेमेंट लेने पहुंचा था। उसके साथ दोस्त फहीम भी था। दोनों जब वापस जा रहे थे तो मॉल की सीढ़ी पर रघुबीर नगर निवासी सोहिल एक लड़की के साथ बैठा हुआ था। कैफ ने सोहिल के साथ मौजूद लड़की पर कमेंट कर दिया। इसी बात पर कैफ और सोहिल का झगड़ा हो गया।

### दोस्तों को बुलाकर पीटा

पुलिस के मुताबिक, सोहिल ने अपने दोस्तों को बुलाकर पहले कैफ को पीटा और बाद में उसकी जांघ में चाकू घोंप दिए। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां ज्यादा खून बहने के कारण बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई थी।

## पति के साथ अवैध संबंध के शक में महिला ने छोटी बहन को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शास्त्री पार्क इलाके में एक महिला ने अपनी 20 वर्षीय बहन को गोली मारकर घायल कर दिया। जीजा साली के अवैध संबंधों के शक में यह वारदात अंजाम दी गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शास्त्री पार्क की बुलंद मस्जिद के पास रहने वाली सुमैला ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बड़ी बहन सोनू (30) ने बुधवार शाम को करीब साढ़े छह बजे देशी तमंचे से गोली चलाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। सुमैला के चेहरे पर छर्रे लगने के बाद सोनू ने कट्टे के बट से उसके सिर पर भी कई वार किए। घटना में पीड़िता को मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस का कहना है कि सोनू को शक था कि उसकी छोटी बहन सुमैला का उसके पति के साथ अवैध संबंध है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत शास्त्री पार्क थाने में मामला दर्ज कर सोनू को गिरफ्तार कर लिया है।

## खजूरी खास इलाके में साले पर किया कैंची से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में एक व्यक्ति ने अपने साले पर कैंची से हमला कर दिया। गंभीर हालत में इदरीस नामक शख्स को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हमले के आरोप में शमशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी और पीड़ित जीजा साले हैं।

डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि घटना बुधवार सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर तब हुई जब इदरीस ने बहन को प्रताड़ित करने के लिए शमशाद को अपशब्द कह दिये थे। इदरीस की बहन की 10 साल पहले शमशाद से शादी हुई थी। डीसीपी ने बताया कि इससे गुस्साए शमशाद ने कैंची उठाकर इदरीस के गले पर वार कर दिया। पीड़ित के बयान पर शमशाद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी इदरीस वजीरपुर में जेजे कॉलोनी और शमशाद खूजरी खास का रहने वाला है।

## मेट्रो स्टेशन पर अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर एक लड़की को देखकर अश्लील हरकत करने वाले युवक को मेट्रो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसका नाम शिवम शर्मा (23) बताया गया है। वह राजीव नगर, बेगमपुर का रहने वाला है। आरोपी ने बीफार्मा किया हुआ है और फिलहाल एक मार्केटिंग कंपनी में कार्यरत था।

डीसीपी मेट्रो रामगोपाल नाईक ने बताया कि सात अगस्त को पीड़िता तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन से चढ़ी और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर उतरी। जब वह प्लेटफार्म नंबर एक पर अपनी दोस्त का इंतजार कर रही थी, तभी प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़े एक युवक ने उसे देखकर अश्लील हरकत शुरू कर दी। इसे देख पीड़िता ने मंडी हाऊस मेट्रो स्टेशन पर मौजूद सीआईएसएफ स्टाफ से शिकायत की। सिक्युरिटी स्टाफ उसे पकड़ता इससे पहले ही वह मेट्रो पकड़ निकल गया। इसके बाद पीड़िता ने ट्वीटर पर इस घटना को शेयर करते हुये आपबीती बयां की। इस पर प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन पुलिस स्टेशन ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के बाद आरोपी को राजीव नगर, बेगमपुर से दबोच लिया गया।

### ऐसे मामलों पर प्रबंधन गंभीरः डीएमआरसी

वहीं इस मामले पर डीएमआरसी प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे मुद्दों को प्रबंधन गंभीरता से लेता है। इस विशेष मामले में भी पुलिस को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की गई, जिसके कारण आरोपी की गिरफ्तारी हुई। प्रवक्ता के अनुसार सोशल मीडिया पर शिकायत मिलने के बाद, हमने तुरंत शिकायतकर्ता से संपर्क किया और सभी आवश्यक विवरण एकत्र किए। सीसीटीवी फुटेज के जरिए उस व्यक्ति की लोकेशन और स्टेशन में उसके प्रवेश का पता चला। इससे पता लगाया गया कि उसने ऑनलाइन टिकट बुक किया था जिससे उसका फोन नंबर भी मिल गया। डीएमआरसी ने प्राप्त सभी विवरण पुलिस के साथ साझा किए जिसके बाद शुरू हुई जांच के बाद आज उस आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रवक्ता ने सभी यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वह सभी जगह डीएमआरसी परिसरों में लगे सीसीटीवी की निगरानी में रहते है इसलिए यात्रा करते समय जिम्मेदारी से अच्छा आचरण करें।

## राजौरी गार्डनः बाइक टकराने का आरोप लगाकर युवक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में गुरुवार दोपहर चार अज्ञात लोगों ने 22 वर्षीय एक युवक को पहले पीटा और बाद में उसकी बाइक लेकर फरार हो गये। आरोपी चार युवकों ने युवक पर उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारने का आरोप लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने शिकायत लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। डीसीपी विचित्र वीर ने शिकायतकर्ता मनोज के हवाले से बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल पर सवार था। उसकी बाइक एक दूसरी बाइक से मामूली रूप से टकरा गई थी। उस समय किसी की तरफ से कोई झगड़ा नहीं किया गया। लेकिन जब वह कुकरेजा अस्पताल की लाल बत्ती पर पहुंचा तभी एक अन्य बाइक पर सवार चार लोग वहां पहुंचे और बाइक की टक्कर का आरोप लगाते हुये मनोज पर हेलमेट से हमला कर दिया। बाद में उसकी मोटरसाइकिल लेकर भाग गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश में जुटी है।

## डूटा चुनाव : अध्यक्ष पद पर प्रो. भागी होंगे एनडीटीएफ के उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### पांच कार्यकारिणी उम्मीदवारों की भी घोषणा



नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) ने आगामी डूटा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। डूटा अध्यक्ष और 15 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए अगले महीने सितंबर के आखिरी सप्ताह में चुनाव होने जा रहे हैं। एनडीटीएफ की ओर से डूटा अध्यक्ष के लिए एक बार फिर से प्रो अजय कुमार भागी मैदान में है। प्रो ए के भागी दयाल सिंह कॉलेज में रसायन शास्त्र विभाग में कार्यरत है और वर्तमान में डूटा अध्यक्ष हैं। प्रो भागी डीयू की अकादमिक और कार्यकारी परिषद में दो - दो बार सदस्य रह चुके हैं। प्रो भागी ने तीन दशक के राजनीतिक अवधि में शिक्षक और शिक्षा हितैषी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। गौरतलब है कि प्रो भागी वर्तमान में डूटा अध्यक्ष हैं जिनको स्थाई नियुक्ति पुन आरंभ कराने और बड़े पैमाने पर प्रमोशन का श्रेय दिया जा रहा है। कॉलेजों में प्रोफेसरशिप भी उनके कार्यकाल की एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धी बताई जा रही है। एनडीटीएफ ने डूटा कार्यकारिणी सदस्य के लिए इस बार पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे हैं जिनमें दो महिलाएं हैं। इन उम्मीदवारों में डॉ अदिति पासवान, समाज शास्त्र विभाग, लक्ष्मीबाई कॉलेज, डॉ आकांक्षा खुराना, कॉमर्स विभाग, डीसीएसी कॉलेज, डॉ अमित खरब, हिंदी विभाग, श्यामलाल कॉलेज, डॉ चमन सिंह, गणित विभाग, आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज और डॉ कमलेश रघुवंशी, कम्प्यूटर साइंस, रामानुजन कॉलेज से हैं।

## चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के एमडी दाखिले के लिए कल तक आवेदन का अवसर

**नई दिल्ली।** चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के एमडी (पीडीऐट्रिक्स) प्रोग्राम की दो सीटों पर दाखिले के लिए कल, 12 अगस्त तक आवेदन का अवसर है। आईपी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने गुरुवार को यह जानकारी देते बताया कि गीता कॉलोनी के चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के राज्य कोटे की दो एमडी (पीडीऐट्रिक्स) सीटों पर दाखिले के लिए काउंसलिंग करेगी। नीट पीजी 2023 में क्वॉलिफ़ायड एलिजिबल कैंडिडेट्स इन सीटों पर दाखिले के लिए 12 अगस्त (दोपहर एक बजे) तक यूनिवर्सिटी सुविधा केंद्र में ऑफलाइन आवेदन जमा करा सकते हैं। आवेदन के साथ 1,500 रुपए का आवेदन शुल्क एवं अन्य सम्बद्ध प्रपत्र भी जमा कराने हैं। आईपी यूनिवर्सिटी से अफ़लीएटेड मेडिकल कालेजों से एमबीबीएस की डिग्री लिए छात्र ही इन सीटों के लिए आवेदन कर सकते हैं। 17 अगस्त को इन सीटों पर दाखिले के लिए शेडयूल जारी कर दिया जाएगा। कुल दो सीटों में से एक अनारक्षित एवं एक ईडबल्यूएस के लिए आरक्षित है।


## सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली- 110092, Phone: +011-22731509
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

### सार्वजनिक सूचना-39वीं वार्षिक सामान्य बैठक

कम्पनी के सदस्यों की 39वीं एजीएम बृहस्पतिवार, 14 सितम्बर 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी) ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092 में, एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज के लिये आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना ग्रीन इनिशिएटीव मेजर के भाग के रूप में उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं और शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी उपलब्ध नहीं है, हेतु, इसकी भौतिक प्रतियां अनुमत्य मोड में उनके पंजीकृत पते पर प्रेषित की जा रही हैं।

यदि आपका ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास पहले से ही पंजीकृत है, वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे। यदि आप कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिये अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिये कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।

| | |
|---|---|
| फिजिकल होल्डिंग | ई-मेल पता पंजीकरण करवाने के लिये फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन्ड प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति) प्रदान करते हुये कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट्स, मै. एड्रॉइट कार्पोरेट सर्विसेज प्रा. लि. को info@adroitcorporate.com पर एक आग्रह भेजें। **कृपया इसको बृहस्पतिवार, 07 सितम्बर 2023 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।** |
| डिमैट होल्डिंग | कृपया आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से सम्पर्क करें और डीपी द्वारा परामर्श की गई प्रक्रिया के अनुरूप अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें। **कृपया इसको बृहस्पतिवार, 07 सितम्बर 2023 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।** |

वित्तीय वर्ष 2022-2023 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध होगी और एजीएम की सूचना स्टॉक एक्सचेंजेज जिन पर कम्पनी की सिक्योरिटीज लिस्टेड हैं, की वेबसाइट्स अर्थात www.msei.in पर भी उपलब्ध होगी।

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
(डीआईएन : 07526355)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 10.08.2023


# दिल्ली हवाईअड्डे पर 15 अगस्त को गैर निर्धारित उड़ानें प्रतिबंधित रहेंगी

# स्वतंत्रता दिवसः लाल किले व राजघाट के आसपास धारा 144 लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजघाट, आईटीओ और लाल किले जैसे इलाकों के आसपास दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

पुलिस ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राजघाट, आईटीओ, लाल किले के आसपास के इलाकों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू कर दी गयी है। इन इलाकों में लोगों के एकत्रित होने की अनुमति नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।




## आईएएफ, बीएसएफ और सेना के विमानों पर नहीं लागू होगा नोटिस टू एयरमैन नियम

दिल्ली हवाईअड्डे पर 15 अगस्त की सुबह और शाम को कुछ घंटों के लिए गैर निर्धारित उड़ानों को न ही उतरने की और न ही हवाईअड्डे से उड़ान भरने की इजाजत दी जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली हवाईअड्डे से निर्धारित उड़ानों की आवाजाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। दिल्ली हवाईअड्डा, देश का सबसे बड़ा हवाईअड्डा भी है। अधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह छह बजे से 10 बजे तक और शाम चार बजे से सात बजे तक विमानन कंपनियों की गैर निर्धारितों उड़ानों और विशेष (चार्टर्ड) उड़ानों को न तो उतरने की और न ही उड़ान भरने की इजाजत दी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अंतर्गत आने वाली वैमानिकी सूचना सेवाओं द्वारा एक 'नोटम' (नोटिस टू एयरमैन) भी जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना (आईएएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सेना विमानन हेलीकॉप्टर की उड़ानों पर नोटम लागू नहीं होगा। अधिकारी ने बताया कि निर्धारित संचालकों की तयशुदा उड़ानों, त्वरित प्रतिक्रिया बल और हताहत/तत्काल चिकित्सा निकासी के अलावा किसी राज्य के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ उड़ान भरने वाले सरकारी विमानों और हेलीकॉप्टरों को दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरने व उड़ान भरने की मंजूरी दी जाएगी। आम तौर पर, नोटम एक प्रकार का नोटिस होता है, जिसमें उड़ान संचालन में शामिल कर्मियों के लिए आवश्यक जानकारी होती है।


## तोशा इंटरनेशनल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ई-34, द्वितीय तल, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
CIN:- L32101DL1988PLC119284 Website:www.toshainternationallimited.in
Email ID:toshainternational@yahoo.com;Telephone No. 011-23415550/51

### 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30/06/2023 | समाप्त तिमाही 30/06/2022 | समाप्त वित्तीय वर्ष 31/03/2023 |
|---|---|---|---|
| | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व | (71.62) | (40.61) | (182.37) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर के बाद | (71.62) | (40.61) | (182.37) |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (71.62) | (40.61) | (182.37) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1144.93 | 1144.93 | 1144.93 |
| रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | (2569.81) | (2387.43) | (2387.43) |
| अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | |
| बेसिक : | (0.63) | (0.35) | (1.59) |
| डायल्युटेड : | (0.63) | (0.35) | (1.59) |

टिप्पणी :-
i) 30.06.2023 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित रिपोर्ट पर कोई योग्यता नहीं है।
ii) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स : www.cse-india.com पर उपलब्ध हैं।

कृते तोशा इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
देव किशन करनानी
निदेशक
डीआईएन : 00115080

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.08.2023